## एक नजर में

### घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

इंदौर. घर में अकेली महिला के साथ अश्लील हरकत करने और उसे शादी के लिए धमकाने का मामला सामने आया है. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है. पीड़िता ने बताया कि वह घर में खाना बना रही थी, तभी खुले दरवाजे से आरोपी लखन मौर्य भीतर घुस आया. उसने बिना अनुमति के महिला का मोबाइल उठा लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा. जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ते हुए धमकाया कि यदि वह उससे शादी नहीं करेगी तो वह जहर खाकर जान दे देगा और उसे तथा उसके भाई को झूठे केस में फंसा देगा. पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी लखन मौर्य के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है.

### पारिवारिक विवाद में युवक से की मारपीट

इंदौर. आदिनाथ नगर में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी, आरोप है कि हमलावर ने युवक को परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी है. हीरानगर थाना क्षेत्र के निवासी विजय उर्फ मोनू यादव ने थाने में शिकायत की कि पड़ोस में रहने वाले बंड्डू चौहान से किसी पारिवारिक मामले को लेकर कहासुनी हो गई थी. इसी विवाद के चलते बंड्डू ने पहले उसे गालियां दीं और फिर मारपीट शुरू कर दी. शिकायतकर्ता का आरोप है कि झगड़े के दौरान आरोपी ने उसके घर के बाहर खड़ी बाइक में भी तोड़फोड़ की और धमकी दी कि वह उसे और उसके परिवार को जान से खत्म कर देगा. पुलिस ने विजय की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### मामूली विवाद में पड़ोसी ने महिला पर किया पत्थर से हमला

इंदौर. द्वारकाधीश कॉलोनी में मामूली बात पर पड़ोसी ने एक महिला पर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया. साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है. पीड़िता कमला साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी छोटे से विवाद के चलते पड़ोसी ने पहले उससे कहासुनी की और फिर अचानक पत्थर उठाकर उस पर हमला कर दिया. हमले में महिला घायल हो गई. कमला का आरोप है कि हमले के दौरान आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने महिला की शिकायत पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### ई-रिक्शा में निगम कर्मचारियों ने की तोड़फोड़

इंदौर. लसूडिया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर स्थित नई बस्ती में रहने वाले एक युवक की ई-रिक्शा में उस समय तोड़फोड़ कर दी. जब उसने नशे में धुत दो नगर निगम कर्मचारियों को सड़क से हटने के लिए कहा. शुभम वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी ई-रिक्शा लेकर कॉलोनी स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचा था. वहां नगर निगम के कर्मचारी सोनू वर्मा और रोहित नशे की हालत में बैठे थे. जब शुभम ने उन्हें सड़क से हटने के लिए कहा तो दोनों गाली-गलौज पर उतर आए और गुस्से में आकर उसकी रिक्शा में तोड़फोड़ कर दी. पुलिस ने शुभम की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

### वीणा दीक्षित हम फाउंडेशन भारत की जिला अध्यक्ष



महू. शहर की होटल गुलमोहर किचन में रविवार को आयोजित हम फाउंडेशन भारत की मलवा प्रांत की कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी ने वीणा दिक्षित को हम फाउंडेशन भारत का इंदौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर इकबाल अली, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जैन, मुनमुन भट्टाचार्य, सजनी कालोसिया, कमल कांत भलेवाडीकर, कांता मजदे, सुरेश मजदे, अशोक दिक्षित, सलीम खान, मिनी आनंद, कृष्णा सागर, अंजली श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रभु शंकर दुबे, भेरूलाल प्रजापति, डॉक्टर अमित सोनी, अनुराधा अग्रवाल, अतीक अहमद, अजरा अहमद, किरण शुक्ला, डॉक्टर जितेंद्र सक्सेना आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं निशिकांत चौधरी जी का आभार व्यक्त किया.

### तीन दिनी दीक्षारंभ समारोह आज से

महू. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में आज से 3 जुलाई तक नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शासन के आदेशानुसार दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जायेगा. महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एडव्होकेट निलेश पाटीदार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी, खेलकूद गतिविधियों, एनएसएस तथा एनसीसी की गतिविधियों, ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तको तथा शासन द्वारा विद्यार्थियों के कल्याण के लिए चलायी जाने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, मुख्यमंत्री मेधावी, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवास सहायता योजना तथा वर्षभर आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षिणेतर गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जायेगी. दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे एक जुलाई को दीक्षारंभ कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमी भवन में प्रात: 11 बजे उपस्थित रहे.

### कबड्डी टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में जय परशुराम कैलोद व जूनियर में श्री एकेडमी कोदरिया रही विजयी



महू. भगवान परशुराम कि जन्मभूमी जानापाव पर परशुराम खेल मंच व जानापाव ऐकेडमी द्वारा आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट रविवार को दिनभर चले नाकआउट मैंचो के पश्चात सेमीफाइनल व शाम छह बजे से फाईनल मैच खेले गए. फाईनल में ओपन वर्ग में जय परशुराम क्लब कैलोद व अंडर 18 जूनियर वर्ग में श्री एकेडमी कोदरिया विजयी रही. ओपन वर्ग विजेता जय परशुराम क्लब को 16000 रूपये नगद व ट्राफी तथा जूनियर वर्ग विजेता श्री एकेडमी को 5000 रुपए नगद व ट्राफी दी गई, संस्था ऋषिराज कि ओर से विजेता टीमो को प्रोत्साहन पुरस्कार डाबर ज्यूस बाटल दी गई व उपस्थित दर्शको को डाबर का ज्यूस पिलाया गया. महू विधायक उषा ठाकुर व संस्था ऋषिराज के विधी सलाहकार वरिष्ठ एडवोकेट संजय शर्मा मामा ने जानापाव पहुँच कर खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन किया. पुरस्कार वितरण महंत हीरा बाबा व पं. ओमप्रकाश व्यास तथा संस्था ऋषिराज अध्यक्ष विकास शर्मा व कर्नल अनुराग शुक्ला ने किया.

# हथकंडों से दबाव बनाता रहा लोकेंद्र तोमर

- दी थी शिलोम जेम्स की पत्नी को धमकी
- शिलोम जेम्स की पत्नी का बड़ा खुलासा
- तीन लाख रुपए लौटाने से भी किया इनकार





**इंदौर. राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे हर दिन चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं. सोमवार को जब क्राइम ब्रांच ने शिलोम जेम्स की पत्नी से पूछताछ की, तो उन्होंने लोकेंद्र तोमर की संदिग्ध भूमिका पर कई गंभीर आरोप लगाए.**

क्राईम ब्रांच सूत्रों के अनुसार शिलोम जेम्स की पत्नी ने पुलिस को बताया कि लोकेंद्र तोमर ने उन्हें खुले शब्दों में धमकी दी थी कि अगर उन्होंने शिलांग पुलिस की एसआईटी टीम को उनका नाम बताया तो वे इंदौर में नहीं टिक पाएंगी. सिर्फ यही नहीं. लोकेंद्र ने महिला पर सोनम रघुवंशी का बैग गायब करने का भी दबाव डाला था. महिला ने बयान में बताया लोकेंद्र ने कहा था कि अगर बैग गायब नहीं किया तो बिल्डिंग के नाम पर जो तीन लाख रुपए डिपॉजिट किए हैं, वे भी वापस नहीं मिलेंगे. महिला के मुताबिक, शिलोम अक्सर अपने ससुराल आता-जाता था, लेकिन सोनम रघुवंशी के जेवर और लैपटॉप कब उनके घर लाए गए, इसकी जानकारी उसे भी नहीं थी. इससे साफ है कि मामले की परतें अभी और खुलनी बाकी हैं और शिलोम की भूमिका भी संदेह के घेरे में है.

> **4 साल पहले की लव मैरिज**
>
> पूछताछ में यह भी पता चला कि शिलोम ने करीब चार साल पहले लव मैरिज की थी. वह स्वयं क्रिश्चियन हैं, जबकि उनकी पत्नी हिंदू हैं. फिलहाल शिलांग पुलिस की एसआईटी, लोकेंद्र तोमर और शिलोम जेम्स की भूमिका को लेकर जांच को आगे बढ़ा रही है. महिला के इस बयान ने लोकेंद्र की संदिग्ध भूमिका को और पुख्ता किया है. राजा रघुवंशी हत्याकांड में हर बीतते दिन के साथ नए मोड़ सामने आ रहे हैं. पुलिस को उम्मीद है कि इन बयानों के आधार पर जल्द ही कुछ अहम सुराग हाथ लग सकते हैं,

# ओवरलोडिंग से पलटा ई-रिक्शा, तीन घायल

***गोपुर चौराहे पर सुबह की घटना, सब्जी से भरा था वाहन***

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार सुबह गोपुर चौराहे पर ओवरलोडिंग की वजह से एक ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया.**



ई-रिक्शा में चोइथराम मंडी से बड़ी मात्रा में सब्जी लादी गई थी. अत्यधिक बजन के चलते रिक्शा का संतुलन बिगड़ा और वह सड़क पर पलट गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि हादसे के समय रिक्शा तेज रफ्तार में था, जिससे अनियंत्रित होकर वह पलटा और उसमें बैठे लोग चोटिल हो गए. घटना के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों ने तत्परता से घायल यात्रियों को बाहर निकाला और रिक्शा को सड़क से हटाकर रास्ता साफ किया. पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और घायलों का अस्पताल भेजा जहां उनका प्रथामिकी उपचार कर घर भेज दिया गया.

# रेपिडो से आए चोर, ले उड़े स्कोडा रैपिड कार

- वारदात का सीसीटीवी सोमवार को आया सामने




नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में वाहन चोरी की घटनाएं अब दिनदहाड़े और सुनियोजित ढंग से अंजाम दी जा रही हैं. ताजा मामला एमआईजी थाना क्षेत्र के अनूप नगर का है, जहां दो बदमाश रेपिडो बाइक से पहुंचे और स्कोडा रैपिड कार को कुछ ही मिनटों में चोरी कर ले गए. हैरानी की बात यह है कि वारदात के समय लोगों की आवाजाही थी फिर भी चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे गए. अब फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.**

घटना अनूप नगर में रहने वाली प्रतिभा नांदेचा के यहां हुई. फरियादी प्रतिभा ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि उनकी कार नम्बर एमपी 09 सीटी 9175 रविवार को उनके घर के बाहर खड़ी थी. सोमवार की सुबह बाहर निकलने पर कार नदारद मिली, जिसके बाद घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, फुटेज सामने आया तो पूरी घटना का पता चला. मामले में थाना प्रभारी चंद्रभाल सिंह ने बताया कि पुलिस को जो फुटेज मिले हैं उसमें तीन संदिग्ध युवक नजर आ रहे हैं. दो युवक एक बाइक संभावित रूप से रेपिडो से इलाके में घूमते दिखाई देते हैं और बार-बार कार के आसपास चक्कर लगाते हैं. कुछ देर की रैकी के बाद एक युवक कार का लॉक तोड़ता है और चंद सेकंड में उसे स्टार्ट कर मौके से फरार हो जाता है. पीछे से उसके साथी बाइक से पीछा करते हुए दिखाई दे रहे है. शक है कि यह वारदात किसी शातिर और पेशेवर गैंग द्वारा अंजाम दी गई है. फिलहाल पुलिस फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने में जुटी है. आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की गतिविधियों और भागने के रास्तों का पता लगाया जा सके. आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# पुलिस चौकी के पास चोरों का धावा

- आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों के ताले टूटे
- तिलक नगर की सब्ज़ी मंडी में चोरी की वारदातें



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोरों ने बीती रात तिलक नगर थाना क्षेत्र में स्थित सब्जी मंडी के पास की दुकानों को निशाना बनाया. हैरानी की बात यह रही कि यह वारदात पुलिस चौकी के बिल्कुल पास हुई, सुनसान पड़ी चौकी का फायदा उठाते हुए चोरों ने आसपास की दुकानों में आसानी से सेंधमारी कर दी.**

घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र की हैं, सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे तो आधा दर्जन से अधिक दुकानों के ताले टूटे मिले. चोरी की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की. व्यापारी राजेश सोलंकी का कहना है कि अज्ञात चोरों ने रात में 8 से 10 दुकानों के ताले चटकाए गए और अंदर रखे सामान पर हाथ साफ दिया. कुछ दुकानों से नगदी और कीमती सामान भी चोरी हुआ है. अगर सभी दुकानों में हुई चोरी में गए माल का अंदाजा लगाया जाए तो यह लाखों में हो सकती है. यहां पर रहवासी क्षेत्र भी हैं, मगर चोरों ने वारदात को इतनी चतुराई से अंजाम दिया कि आसपास के किसी व्यक्ति को भनक तक नहीं लगी. इतना ही नहीं जिस स्थान पर चोरी हुई, उससे कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी स्थित है, लेकिन वहां महीनों से कोई पुलिसकर्मी तैनात नहीं रहता. घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में रोष है. उनका कहना है कि यदि पुलिस की नियमित गश्त और चौकी में सक्रियता होती, तो चोरों के हौसले इतने बुलंद न होते. तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, वहीं मुखबिर तंत्र को भी मामले में सक्रिय किया गया है, जल्द ही वारदात का खुलासा करेंगे.

# घूमने गए युवक की तिंछाफॉल में टक्कर से मौत, साथी लापता

- मानपुर और तेजाजी नगर में भी सड़क हादसे, दो की मौत



नव भारत न्यूज

**इंदौर. रविवार को तीन लोगों की असमय मौत हो गई, जबकि एक युवक के साथ बेवजह मारपीट का मामला सामने आया हैं. तीनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.**

तिंछाफॉल घूमने गए रवि नगर मूसाखेड़ी निवासी युवक की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई. 30 वर्षीय राहुल पुजारी नामक यह युवक एक शॉपिंग मॉल में काम करता था और घर से यह कहकर निकला था कि वह तिंछाफॉल जा रहा है. लौटकर वह कभी नहीं आया. बताया गया कि उसकी दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. राहुल के परिजन ने पुलिस को बताया कि वह किसी दोस्त के साथ गया था, लेकिन हादसे के बाद से वह दोस्त भी लापता है. कुछ लोगों का कहना है कि वह भी घायल हुआ है और उसे किसी अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस उसकी तलाश कर रही है. अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

इधर मानपुर क्षेत्र में मंडलेश्वर में रहने वाले 30 वर्षीय गौरव पिता तिलक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई. गौरव बाइक से जा रहा था तभी किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है.इधर तेजाजी नगर पुलिस ने कुशल वाधवानी निवासी काटजू कॉलोनी की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ टक्कर मारने और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है. वाधवानी ने आरोप लगाया कि टक्कर के बाद कार चालक ने उनके साथ हाथापाई भी की. पुलिस मामले में जांच कर रही है.

# राजस्थान का इनामी तस्कर इंदौर में धराया

इंदौर. राजस्थान से जुड़े एक अफीम तस्करी के मामले में फरार चल रहा इनामी तस्कर भगवाना राम आखिरकार इंदौर में पुलिस के हत्थे चढ़ गया. नारकोटिक्स विंग को सूचना मिली थी कि वह इंदौर में अपने किसी रिश्तेदार से मिलने आया है, जिस पर टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. नारकोटिक्स डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा, उपनिरीक्षक अजय शर्मा और आरक्षक अभिषेक की टीम ने हुलिए के आधार पर उसे पकड़ा. भगवाना राम पिता सीताराम, निवासी सांचौर राजस्थान पर अफीम तस्करी के एक पुराने मामले में दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था. उक्त मामले में नारकोटिक्स विभाग ने 80 किलो अफीम जब्त की थी, जिसमें यह आरोपी फरार चल रहा था. डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि एक अन्य फरार तस्कर हरिराम पिता भैया राम, निवासी सांचौर राजस्थान पर भी नारकोटिक्स विभाग ने बीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया है, उसकी तलाश भी जारी है.

## महिला को दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर.** कमला नेहरू नगर में रहने वाली एक महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है. पीड़िता निशा दीक्षित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. निशा दीक्षित ने पुलिस को बताया कि किसी घरेलू बात को लेकर मोहल्ले में रहने वाली साधना गुप्ता ने अपने परिवार के सदस्य ओमप्रकाश, अश्विन और गौरव गुप्ता के साथ मिलकर पहले उसे अपशब्द कहे, फिर हाथापाई की और जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# इंदौर से राजस्थान जा रही बस हादसे का शिकार

***उदयपुर में अशोक ट्रेवल्स की बस भिड़ी, यात्री घायल***

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राजस्थान के उदयपुर में रविवार देर रात दो बसों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में करीब दस यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें इंदौर के भी कुछ लोग शामिल बताए जा रहे हैं. घायलों को मौके पर प्राथमिक इलाज देने के बाद नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था.




प्राप्त जानकारी के अनुसार, अशोक ट्रेवल्स की एक बस इंदौर से यात्रियों को लेकर राजस्थान जा रही थी. उदयपुर के समीप तेज रफ्तार होने के कारण सामने से आ रही उसी कंपनी की दूसरी बस से उसकी जोरदार टक्कर हो गई. दुर्घटना में बस के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. हादसे में घायल हुए यात्रियों में चार से पांच यात्री इंदौर के निवासी बताए जा रहे हैं, हालांकि उनकी पहचान और स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी. हादसे के बाद ट्रेवल्स कंपनी द्वारा वैकल्पिक बस की व्यवस्था कर अन्य यात्रियों को आगे के लिए रवाना किया. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# रेल टिकट काउंटर पर ज्यादा राशि वसूली का मामला पहुंचा डीआरएम तक

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल
- जांच के आदेश दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर यात्रियों से अधिक राशि वसूलने की शिकायत सामने आने के बाद रेल प्रशासन हरकत में आ गया है. डीआरएम रतलाम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं और संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है.**

यह मामला तब सामने आया जब इंदौर से पिपरिया जा रहे यात्री प्रवीण सोलतिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए शिकायत की कि उसने आठ यात्रियों के लिए टिकट लेते समय 1400 रुपए दिए, लेकिन काउंटर से केवल 100 रुपए लौटाए. जब उसने टिकटों की कीमत देखी तो एक टिकट की दर 145 थी, इस हिसाब से कुल राशि 1160 बनती थी, यानी उसे 240 लौटाए जाने चाहिए थे. यात्री ने जब यह बात काउंटर पर दोबारा जाकर बताई, तब शेष राशि वापस की गई. उसकी इस पोस्ट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल मंत्रालय को भी टैग किया था. यात्री ने अपील की कि सभी लोग टिकट लेते समय उसकी राशि अवश्य जांचें, क्योंकि काउंटर पर गड़बड़ी की आशंका है. शिकायत के बाद रेलवे प्रशासन सतर्क हुआ और रतलाम मंडल के डीआरएम ने तुरंत जांच के आदेश जारी किए. अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी सामने आती है तो संबंधित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**परेशानी** | **मामला वार्ड 85 के ऋषि पैलेस कॉलोनी का**

# नलों में कम आ रहा पानी, टैंकर पर निर्भर रहवासी



इंदौर. शहर के कई ऐसे क्षेत्र है जहां पानी की किल्लत की समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है जिससे साफ प्रतीत होता है कि नगर निगम के सारे दावे पस्त हो चुके हैं. वहीं अधिकारियों की नींदे नहीं खुल रही है.

पानी की किल्लत से जुड़ा एक मामला वार्ड 85 में देखने को मिला है. यह क्षेत्र शहर की सीमा से लगा हुआ है जो कि फूटी कोठी क्षेत्र में आता है. वार्ड के ऋषि पैलेस में कई वर्षों से पानी किल्लत बनी हुई है जो पानी की लाइन क्षेत्र में डाली गई है. उससे मात्र पंद्रह मिनिट ही घरों में पानी पहुंचता है जिस कारण क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है. ऋषि पैलेस में यह देखा गया है कि रहवासी पानी की ज़रूरत पूरी करने के लिए पानी के टैंकर पर निर्भर है. पानी को तरस रहे लोगों ने बताया कि कभी नगर निगम की ओर से कभी कभार पानी का टैंकर आता है, लेकिन ज़्यादातर लोगों को पैसे देकर पानी का टैंकर बुलवाना पड़ता है पार्षद से लेकर तक क्षेत्र वासियों द्वारा कई बार शिकायत की गई जिस पर आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है निराकरण नहीं किया गया.

## इनका कहना है ...



पार्षद हो या झोन, हर जगह कितनी ही बार शिकायत की, समस्या दूर करने के बजाए किसी भी अधिकारी ने हमारे क्षेत्र में झांक कर नहीं देखा. अब तक लोगों की मुसीबतें बनी हुई है.

– गोपाल सोरागे



लगातार क्षेत्र में हो रही पानी की समस्या यहां कोई नई बात नहीं है. पानी की पूर्ति करने के लिए यहां सभी लोगों को चार सौ रूपए देकर निजी पानी का टैंकर बुलाना पड़ता है.

– सरजू बाई



नर्मदा पानी के नलों के बिल दिए जाते है लेकिन पानी चार दिन में एक बार वह भी पंद्रह मिनिट देते हैं. इतने कम समय में लोगों को पानी की पूर्ति कैसे हो सकती है.

– सुनिता पाटिल